i lkj Hkkjrh
Hkkjrh; i lkj.k fuxe
vkdk'kok.kh dUæ f'keyk
25-08-2024@iknf'kd lekpkj@!"20 #$

eu dh #kr

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से ‘मन की बात’ कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की ये 113वीं कडी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रादेशिक भाषाओं में भी इसका प्रसारण करेगा।

ef&eaMy #)d

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक शिमला में आयोजित होगी। बैठक में मॉनसून सत्र में लाए जाने वाले विभिन्न विधेयकों पर चर्चा होगी। मंत्रिमंडल की बैठक में पुलिस कर्मियों की असीमित बस यात्रा पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा होम स्टेट को लेकर भी बैठक में विचार–विमर्श किया जाएगा।

*dh+r i'ku

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को मंज़ूरी दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णतव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कल नई दिल्ली में बताया कि इस योजना में, न्यूनतम 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले कर्मियों को आखिरी के 12 महीनों के मूल वेतन के औसत की पचास प्रतिशत राशि बतौर पेंशन दी जाएगी। इसके अलावा, कर्मचारी के देहान्त के बाद परिवार पेंशन साठ प्रतिशत कर दी गई है। न्यूनतम 10 वर्ष की नौकरी के बाद सेवानिवृत्त होने पर कम से कम दस हज़ार रूपए पेंशन की गारंटी होगी। सुनिश्चित पेंशन, परिवार पेंशन और न्यूनतम पेंशन पर महंगाई भत्ता भी देय होगा जो औद्योगिक कर्मियों पर लागू अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित होगा। सेवानिवृत्ति पर उपदान यानी ग्रैच्युटी के अलावा एकमुश्त राशि का भुगतान भी किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना से लगभग 23 लाख सरकारी कर्मियों को लाभ होगा। यह योजना अगले वर्ष की पहली अप्रैल से लागू होगी।

,ky fnol

केंद्रीय युवा मामले व खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर देशवासियों से खेलों में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्‌वान किया है। इधर राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य पर शिमला ज़िला में खेल भावना, शारीरिक फिटनेस व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ज़िला युवा सेवा व खेल अधिकारी राकेश धौटा ने बताया कि 27 से 29 अगस्त तक ज़िले में विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

jk$ho f#ny

भाजपा का राष्ट्रव्यापी संगठन महापर्व सदस्यता अभियान देश सहित प्रदेश में भी चलाया जाएगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने सदस्यता अभियान को लेकर सोलन में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की

और सभी को इस राष्ट्रव्यापी अभियान को सार्थक बनाने के लिए उचित दिशा निर्देश दिए। राजीव बिंदल ने बताया कि भाजपा इस संगठानतमक राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान में नए सदस्यों को जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पोलिंग बूथ पर दो सौ नए सदस्य जोडे जाएंगे और इस अभियान के तहत आगामी दिनों में कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जायेंगे।

ek|le

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में कल हुई झमाझमा बारिश से ठंडक बढ़ गई है। ऊना शहर में दोपहर बाद हुई एकाएक बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। इस बीच भारी बारिश से मनाली–लेह सड़क पर रात करीब दो बजे भारी मलबा स्नो गैलरी में भर गया। इसके कारण मनाली लेह मार्ग पर लगभग 7 घंटे तक यातायात बाधित रहा। मौसम विभाग ने 27 व 28 अगस्त को अधिकांश स्थानों पर भारी वर्षा होने की चेतावनी जारी की है।

vkj v# lf,k;k lek kj i&k l/

आज सभी समाचार पत्रों ने सरकार व कर्मचारी संगठनों के मध्य हुई बैठक से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी हैं।

दैनिक भास्कर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है– 'h* vkj *fj;j $kjh dju l i0y forh; f12kfr dh djx leh3kk4 अमर उजाला की सुर्खी है–एक महीने के बाद वितीय समीक्षा कर कर्मियों के डीए पर लेंगे निर्णय। पंजाब केसरी का शीर्षक है–lh-*e- d lk2k de kjh lx)uk dh #)d/*d ek0 #kn f5j l #)d dju o 6 ek0 d vnj $lhlh ij l0efr4 दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–fo7kh; ykHk nu d fy* ljdkj ifr#84 दैनिक सवेरा टाइम्स लिखता है– vkf2kd rxh d #h de kfj;k dk lk9ku dh $xr e ljdkj4

हिमाचल दस्तक की एक ख़बर है–*d :i* ifrek0 oru yx lh*e d fifliy *'ok;$j xkdy #<y4 दिव्य हिमाचल लिखता है/*d :i;k ekun; yx xkdy/dkxl d ;ok urk dh felky= fo7kh; df)uk;.;k dk n,k >k'h lyjh।

मौसम से जुड़ी ख़बर पर आपका फैसला लिखता है–f0ek y d d;. 3k&k e @ek@e #jl #kny= ek|le e #Ah)'d4